AGLASEM.COM

MID TERM

SAMPLE PAPER

Practice Question Paper | Model Paper | Sample Question Paper

2024-2025

aglasem.com

मध्यावधि अभ्यास प्रश्न पत्र

MID TERM PRACTICE PAPER

कक्षा - बारहवीं

Class – XII

समाजशास्त्र (कोड : 039)

Sociology (Code : 039)

अवधि: 3 घंटे **अधिकत्तम अंक: 80**

Duration: 3 hours **Max. Marks : 80**

सामान्य निर्देश :

1.प्रश्न पत्र को चार खंडों में विभाजित किया गया है।

2.कुल 35 प्रश्न दिए गए हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3.खंड- क में प्रश्न संख्या 1-16 हैं। ये वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।

4.खंड- ख में प्रश्न संख्या 17-25 हैं। ये अति लघुत्तरीय प्रश्न हैं।जिनके लिए 2 अंक निर्धारित हैं।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकत्तम 30 शब्दों में दीजिए।

5.खंड - ग में प्रश्न संख्या 26-32 हैं। ये लघुत्तरीय प्रश्न हैं।जिनके लिए 4 अंक निर्धारित हैं।प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकत्तम 80 शब्दों में दीजिए। प्रश्न संख्या 26-27 केस पर आधारित प्रश्न है जिनमें से प्रत्येक को 1 अंक के 4 भागों के साथ रखा गया है जिससे कुल 4 अंक के प्रश्न बनते है।

6.खंड - घ में प्रश्न संख्या 33-35 हैं । यह दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं । जिनके लिए 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकत्तम 200 शब्दों में दीजिए। दिए गए अनुच्छेद की सहायता से प्रश्न संख्या 35 का उत्तर दीजिए।

General Instructions :

1. The question paper is divided into four sections.

2. There are 35 questions in all . All questions are compulsory.

3. Section A includes question No. 1-16 . They are objective type questions .

4. Section B includes question No. 17-25 . They are very short answer type questions carrying 2 marks each . Answer each question in maximum 30 words.

5. Section C includes question No. 26 - 32 .They are short answer type questions carrying 4 marks each . Answer each question in maximum 80 words. Question numbers 26 – 27 are case based questions carrying 4 parts of 1 mark each, making a total of 4 marks.

6. Section D includes question No. 33 - 35 . They are long answer type questions carrying 6 marks each . Answer each question in maximum 200 words.Question no. 35 is to answered with the help of given passage.

docs.aglasem.com

	खण्ड [क] **SECTION A**	
	रिक्त स्थान भरें **Fill in the blanks**	
1	**यह पहचान ,जन्म तथा अपनेपन पर आधारित होती है ,न कि किसी अर्जित योग्यता या 'उपलब्धि' के आधार पर । इस पहचान को हम _____ नाम से पुकारते है ।** **(क) आपसी पहचान (ख) मेरी पहचान (ग) सामुदायिक पहचान (घ) व्यक्तिगत पहचान** **This identity is based on birth and 'belonging' rather than on some form of acquired qualifications or 'accomplishment'. We call this identity by the name _____.** **(a) Mutual identity (b) My identity (c) Community Identity (d) Personal identification**	**1**
2	**ये कानून किसी राज्य विशेष के नागरिकों को एक ही समय में एक दूसरे राज्य का नागरिक बनने की इजाज़त देते है । इस कानून को _____ कानून कहते है ।** **These laws allow citizens of a particular state to also – simultaneously – be citizens of another state. This law is called _____ law.**	**1**
3	**धर्म,भाषा, जाति,क्षेत्रिय आधार पर बटे समुदाय ..... विविधता को प्रकट करते हैं ।** **Communities divided on the basis of religion, language, caste, region shows..... diversity.**	**1**
4A	**_____पीढ़ी-दर-पीढ़ी बना रहता है। यह परिवार और सामाजिक संसाधनों के एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी में उत्तराधिकार के रूप में घनिष्ठता से जुड़ा है। एक व्यक्ति की सामाजिक स्थिति प्रदत्त अर्थात् अपने आप मिली हुई होती है। अर्थात् बच्चे अपने माता-पिता की सामाजिक स्थिति को पाते हैं।** **_____persists over generations. It is closely linked to the family and to the inheritance of social resources from one generation to the next. A person's social position is ascribed. That is, children assume the social positions of their parents.**	**1**
	OR	
4B	**सामाजिक संसाधनों तक असमान पहुँच की पद्धति ही साधारणतया _____कहलाती है।** **Patterns of unequal access to social resources are commonly called _____**	**1**
	बताइए कि दिया गया कथन सही है या गलत **State whether the given statement is true or false**	
5	**जाति एक भेदभावपूर्ण व्यवस्था नहीं है ।** **Caste is not a discriminatory system.**	**1**
6	**पूर्वाग्रह एक समूह के सदस्यों द्वारा दूसरे समूह के बारे में पूर्वकल्पित विचार या व्यवहार होता है ।** **Prejudices refer to pre-conceived opinions or attitudes held by members of one group towards another.**	**1**
7	**भारत में जनगणना हर 10 वर्ष बाद होती है ।** **Census in India is held after every 10 year.**	**1**
8	**सामाजिक जनसांख्यिकी में अधिकतर जनसंख्या के आकार यानी मात्रा का अध्ययन किया जाता है ।** **In Social demography the size of the population is studied mostly (quantitative field)**	**1**
9	**प्राकृतिक वृद्धि दर या जनसंख्या संवृद्धि दर का तात्पर्य है जन्म दर और मृत्यु दर के बीच का अंतर ।** **The rate of natural increase or the growth rate of population refers to the difference between the birth rate and the death rate.**	**1**
	सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थान भरें - **Fill in the blanks by choosing the correct option –**	
10	**जाति व्यवस्था में विवाह संबंधी नियम ..... होते हैं ।** **(क) सरल (ख) नहीं (ग) अनेक (घ) कठोर** **The rules regarding marriage in the caste system are .....** **(a) Easy (b) None (c) Many (d) hard/rigid**	**1**

docs.aglasem.com

aglasem.com

11A	सैद्धांतिक तौर पर, जाति व्यवस्था को सिद्धांतों के दो समुच्चयों के मिश्रण के रूप में समझा जा सकता है. एक भिन्नता और अलगाव पर आधारित है और दूसरा संपूर्णता और अधिक्रम पर। अलगाव शब्द का अर्थ है -_____ (क) साथ रखने का भाव (ख) अलग रखने या करने का भाव (ग) साथ रहने का भाव (घ) अलग खाने का भाव Theoretically, the caste system can be understood as the combination of two sets of principles, one based on difference and separation and the other on wholism and hierarchy. The word separation mean -_____ (a) The sense of keeping together (b) The action of separating or being separated (c) The feeling of living together (d) The feeling of eating separately	1
	OR	
11B	प्रत्येक जाति का समाज में एक विशिष्ट स्थान होने के साथ-साथ एक क्रम श्रेणी भी होती है। एक सीढ़ीनुमा व्यवस्था जो ऊपर से नीचे जाती है, में प्रत्येक जाति का एक विशिष्ट स्थान होता है। एक सीढ़ीनुमा व्यवस्था जो ऊपर से नीचे जाती है, में प्रत्येक जाति का एक विशिष्ट _____होता है। (क) लाभ (ख) स्थान (ग) सम्मान (घ) अभिमान Each individual caste occupies not just a distinct place, but also an ordered rank – a particular position in a ladder-like arrangement going from highest to lowest. In a ladder- like arrangement that goes from top to bottom, each caste occupies unique _____. (a)Gain (b) position (c) honor (d) pride	1
12	_____के आधार पर, जनजातियों को मछुआ, खाद्य संग्राहक और आखेटक (शिकारी), झूम खेती करने वाले, कृषक और बागान तथा औद्योगिक कामगारों की श्रेणियों में बाँटा जा सकता है। (क) श्रम (ख) आजीविका (ग) जाति (घ) कर्म On the basis of _____, tribes can be categorised into fishermen, food gatherers and hunters, shifting cultivators, peasants and plantation and industrial workers. (A) Labor (B) Livelihood (C) Caste (D) Karma	1
	कथन सही करें Correct the statements	
13	शहरीकरण का संबंध यांत्रिक उत्पादन के उदय से है जो शक्ति के गैरमानवीय संसाधन जैसे वाष्प या विद्युत पर निर्भर होता है। Urbanisation refers to the emergence of machine production, based on the use of inanimate power resources like steam or electricity.	1
14	औद्योगिक परिवेश में कृषि संबंधी व्यवसाय में लोगों की संख्या अधिक होती जाती है। In the industrial societies, the number of people in agriculture related business increases.	1
15	इंदु प्रकाश ने पुणे में महिलाओं के लिए पहला विद्यालय खोला। Indu Prakash opened the first school for women in Pune.	1
16	ब्रह्म समाज ने सती प्रथा का समर्थन किया। Brahmo Samaj supported the practice of Sati.	1
	खण्ड [ख] SECTION B	
17A	प्रतिस्थापन स्तर क्या होता है ? What is Replacement level?	2
	OR	
17B	शिशु मृत्यु दर उन बच्चों की मृत्यु की संख्या दर्शाती है जो जीवित पैदा हुए 1000 बच्चों में से एक वर्ष की आयु प्राप्त होने से पहले ही मौत के मुँह में चले जाते हैं। इसी प्रकार मातृ - मृत्यु दर उन स्त्रियों की संख्या की सूचक है जो जीवित प्रसूति के 1,00,000 मामलों में अपने बच्चे को जन्म देते समय मृत्यु को प्राप्त हो जाती हैं। शिशु और मातृ - मृत्यु की ऊँची दरें निसंदेह पिछड़ेपन और गरीबी की सूचक होती हैं। ऊपर दी गई पंक्तियों को पढ़कर प्रश्न का उत्तर दें-	2

docs.aglasem.com

aglasem.com

	शिशु और मातृ मृत्यु की ऊँची दर के क्या कारण हैं ? The infant mortality rate is the number of deaths of babies before the age of one year per 1000 live births. Likewise, the maternal mortality rate is the number of women who die in childbirth per 1,00,000 live births. High rates of infant and maternal mortality are an unambiguous indicator of backwardness and poverty. Read the lines given above and answer the question- What are the reasons for the high rate of infant and maternal mortality ?	
18	जनजातियों के स्थायी लक्षण क्या हैं ? What are the permanent characteristics of tribes?	2
19A	आदिवासी संघर्ष से आप क्या समझते है ? What do you understand by adivasi struggle?	2
	OR	
19B	विषमता तथा बहिष्कार के संबंध में सामाजिक क्या है? What is social in relation to Inequality and Exclusion?	2
20	प्रदत्त पहचान क्या होती है ? What are 'Ascriptive' identities ?	2
21A	सत्तावादी राज्य क्या होता है ? What is an Authoritarian state?	2
	OR	
21B	राज्य क्या है ? What is state?	2
22	किस तरह हम आज भी ब्रिटिश अनुकरण कर रहे है ? How are we still following the British ?	2
23	पूँजीवाद की संरचना क्या है ? What is the structure of capitalism?	2
24	सामाजिक कुरीति से आप क्या समझते है ? समाज में व्याप्त कुरीतियों के बारे में बताए । What do you understand by social evils ? Tell us about the evils prevailing in the society.	
25	'तहसिब-ए-निसवान' क्या है ? What is 'Tahsib-e -Niswan' ?	2
	खण्ड [ग] SECTION C	
26A	निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिये - शिक्षित होने के लिए साक्षर होना जरूरी है और साक्षरता शक्ति संपन्न होने का महत्त्वपूर्ण साधन हैं। जनसंख्या जितनी अधिक साक्षर होगी आजीविका के विकल्पों के बारे में उसमें उतनी ही अधिक जागरूकता उत्पन्न होगी और लोग ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में उतना ही अधिक भाग ले सकेंगे। इसके अलावा, साक्षरता से स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता आती है और समुदाय के सदस्यों की सांस्कृतिक और आर्थिक कल्याण - कार्यों में सहभागिता बढ़ती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद साक्षरता के स्तरों में काफी सुधार आया है एवं हमारी जनसंख्या का दो तिहाई हिस्सा अब साक्षर है। सही विकल्प चुनें - 1 शिक्षित होने के लिए क्या होना जरूरी है- (क) अमीर (ख) सम्पन्न (ग) साक्षर (घ) शक्तिशाली 2 साक्षरता क्या है - (क) पढने और लिखने की क्षमता होना (ख) बोलने और लिखने की क्षमता होना (ख) एक वस्तु (घ) मनोरंजन का साधन	4 1 1

docs.aglasem.com

aglasem.com

	3 जनसंख्या जितनी अधिक साक्षर होगी आजीविका के विकल्पों के बारे में उसमें उतनी ही अधिक जागरूकता उत्पन्न होगी और लोग किस पर आधारित अर्थव्यवस्था में उतना ही अधिक भाग ले सकेंगे । (क) समय आधारित (ख) भूमिका आधारित (ग) फायदा आधारित (घ) ज्ञान आधारित	1
	4 स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद साक्षरता के स्तरों में काफी सुधार आया है एवं हमारी जनसंख्या का कितना हिस्सा अब साक्षर है। (क) एक तिहाई (ख) दो तिहाई (ग) आधा (घ) एक चौथाई	1
	Read the following paragraph and answer the questions as directed – Literacy as a prerequisite to education is an instrument of empowerment. The more literate the population the greater the consciousness of career options, as well as participation in the knowledge economy. Further, literacy can lead to health awareness and fuller participation in the cultural and economic well being of the community. Literacy levels have improved considerably after independence, and almost two-thirds of our population is now literate. Choose the correct option - 1 What is needed to be educated- (a) Rich (b) Well-to-do (c) Literacy (d) Powerful 2 What is Literacy - (a) Ability to read and write (b) Ability to speak and write (b) a commodity (d) a means of entertainment 3 The more literate the population the greater the consciousness of career options, as well as participation in the economy based on what . (a) Time based (b) Role based (c) Benefit based (d) Knowledge based 4 Literacy levels have improved considerably after independence, and almost what part of our population is now literate. (a) one third (b) two third (c) half (d) one fourth	
	OR	
26B	दी गई सारणी के आधार पर निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दे -	4

सारणी 4: भारत में साक्षरता की दर

(7 वर्ष और उससे अधिक आयु वाली जनसंख्या का प्रतिशत)

वर्ष	स्त्रियां	पुरुष	विभेद	साक्षरता दर में स्त्री-पुरुष के बीच का अंतर
1951	18.3	27.2	8.9	18.3
1961	28.3	40.4	15.4	25.1
1971	34.5	46.0	22.0	24.0
1981	43.6	56.4	29.8	26.6
1991	52.2	64.1	39.3	24.8
2001	65.4	75.9	54.2	21.7
2011	73.0	80.9	64.6	16.7

स्रोत: भारत की जनगणना, 2011

सारणी के आधार पर सही विकल्प चुनें-

1 सारणी में क्या दर्शाया गया है 1

(क) आर्थिक व्यवस्था की दर (ख) भारत में साक्षरता की दर

(ग) भारत में महंगाई की दर (घ) जनसंख्या की दर

2 1981 में साक्षरता दर में स्त्री - पुरुष के बीच का अंतर कितना था 1

(क)26.6 (ख) 24.0 (ग)24.8 (घ)26.5

3 स्त्रियों की साक्षरता दर में 1991 से 2001 तक की अवधि में कितनी वृद्धि हुई 1

(क) 14.6 (ख) 14.5 (ग) 14.9 (घ) 14.8

4 पुरुषों की साक्षरता दर में 1951 से 2011 तक की अवधि में कितनी वृद्धि हुई 1

(क) 53.7 (ख) 53.9 (ग) 53.5 (घ) 53.8

docs.aglasem.com

aglasem.com

Answer the questions as instructed on the basis of the table given below-

TABLE 4: LITERACY RATE IN INDIA

(Percentage of population 7 years of age and above)

Year	Persons	Males	Females	Male-Female gap in literacy rate
1951	18.3	27.2	8.9	18.3
1961	28.3	40.4	15.4	25.1
1971	34.5	46.0	22.0	24.0
1981	43.6	56.4	29.8	26.6
1991	52.2	64.1	39.3	24.8
2001	65.4	75.9	54.2	21.7
2011	73.0	80.9	64.6	16.3

Source: Bose (2001:22); Census of India 2011.

Choose the correct option based on the table-

1 What is shown in table

(a) Rate of economic system **(b) Literacy rate in India**

(c) Rate of inflation in India **(d) Rate of population**

2 What was male - female gap in literacy rate in 1981

(a) 26.6 (b) 24.0 (c) 24.8 (d) 26.5

3 How much did the literacy rate of females increase in the period from 1991 to 2001?

(a) 14.6 (b) 14.5 (c) 14.9 (d) 14.8

4 What was the increase in the literacy rate of males in the period from 1951 to 2011

(a) 53.7 (b) 53.9 (c) 53.5 (d) 53.8

27A **निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिये -** **4**

धार्मिक या कर्मकांडीय दृष्टि से जाति की अधिक्रमित व्यवस्था 'शुद्धता' (शुचिता) और 'अशुद्धता' (अशुचिता) के बीच के अंतर पर आधारित होती है। यह विभाजन जिसे हम पवित्र के करीब मानने में विश्वास रखते हैं (अत: कर्मकांड की शुद्धता के लक्ष्यार्थ) उसके और जिसे हम पवित्र से परे मानते हैं या उसके विपरीत मानते हैं अतः वह कर्मकांड के लिए प्रदूषित होता है, के बीच है। वह जातियाँ जिन्हें कर्मकांड की दृष्टि से शुद्ध माना जाता है उनका स्थान उच्च होता है और जिनको कम शुद्ध या अशुद्ध माना जाता है उन्हें निम्न स्थान दिया जाता है । जैसाकि हर समाज में होता है, सामाजिक स्तर से भौतिक शक्ति (अर्थात्, आर्थिक या सैन्य शक्ति) नज़दीकी से जुड़ी होती है, अतः जिनके पास शक्ति होती है उनकी स्थिति उच्च होती है और जिनके पास शक्ति नहीं होती उनकी स्थिति निम्न होती है। इतिहासकारों का मानना है कि जो लोग युद्धों में पराजित हुए थे उन्हें अक्सर निम्न जाति की स्थिति मिली।

सही विकल्प चुनें -

1 वह जातियाँ जिन्हें कर्मकांड की दृष्टि से शुद्ध माना जाता है उनका स्थान कैसा होता है - **1**

(क) नीचा (ख) ऊंचा (ग) समान (घ) गहरा

2 इतिहासकारों के अनुसार किन लोगों को निम्न जाति की स्थिति मिली- **1**

(क) जो लोग युद्धों में विजयी हुए थे **(ख) जो लोग युद्धों में शामिल नहीं हुए थे**

(ग) जो लोग युद्धों में पराजित हुए थे **(घ) जो लोग युद्धों में सो गए थे**

3 भौतिक शक्ति से क्या तात्पर्य है - **1**

(क) आर्थिक या सैन्य शक्ति **(ख) सामाजिक शक्ति**

(ग) सांस्कृतिक शक्ति **(घ) राजनैतिक शक्ति**

4 जो अतीत के बारे में लिखता है और उसका अध्ययन करता है , उसे क्या कहते है **1**

(क) समाजशास्त्री (ख) ज्ञानी (ग) अर्थशास्त्री (घ) इतिहासकार

Read the following paragraph and answer the questions as directed -

The hierarchical ordering of castes is based on the distinction between 'purity' and 'pollution'. This is a division between something believed to be closer to the sacred (thus connoting ritual purity), and

docs.aglasem.com

aglasem.com

	something believed to be distant from or opposed to the sacred, therefore considered ritually polluting. Castes that are considered ritually pure have high status, while those considered less pure or impure have low status. As in all societies, material power (i.e., economic or military power) is closely associated with social status, so that those in power tend to be of high status, and vice versa. Historians believe that those who were defeated in wars were often assigned low caste status. Choose the correct option - 1 What is the place of those castes that are considered ritually pure – (a) Low (b) high (c) equal (d) deep 2 According to historians, which people assigned low caste status - (a) Those who were victorious in the wars (b) Those who did not participate in the wars (c) Those who were defeated in the wars (d) Those who slept in the wars 3 What is meant by Material power ? (a) economic or military power (b) social power (c) cultural power (d) political power 4 The one who writes about and studies the past is called (a) Sociologist (b) Scholar (c) Economist (d) Historian	
	OR	
27B	निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिये - प्राचीन काल की तुलना में, हम अपने हाल के इतिहास में जाति के बारे में बहुत अधिक जानते हैं। यदि यह माना जाए कि आधुनिक इतिहास 19वीं शताब्दी के साथ प्रारंभ हुआ तो 1947 में प्राप्त भारतीय स्वतंत्रता को औपनिवेशिक काल (मोटे तौर पर 1800 से 1947 तक के लगभग 150 वर्ष) और स्वातंत्र्योत्तर अथवा औपनिवेशिक शासन के बाद के काल (1947 से आज तक के सात दशक) के बीच स्वाभाविक विभाजक रेखा मान सकते हैं। एक सामाजिक संस्था के रूप में जाति के वर्तमान स्वरूप को औपनिवेशिक काल और साथ ही स्वतंत्र भारत में तीव्र गति से हुए परिवर्तनों द्वारा मज़बूती से आकार प्रदान किया गया। सही विकल्प चुनें - 1 जाति कैसी संस्था है - (क) सांस्कृतिक (ख) सामाजिक (ग) आर्थिक (घ) राजनैतिक 2 1800 से 1947 तक के काल को क्या नाम दिया गया - (क) परिवर्तन काल (ख) बड़ा काल (ग) सुंदर काल (घ) औपनिवेशिक काल 3 आधुनिक इतिहास कब प्रारंभ हुआ (क) 18वीं शताब्दी (ख) 19वीं शताब्दी (ग) 20वीं शताब्दी (घ) 21वीं शताब्दी 4 प्राचीन का क्या अर्थ है - (क) पुराना (ख) नया (ग) सुंदर (घ) बड़ा Read the following paragraph and answer the questions as directed – Compared to the ancient past, we know a lot more about caste in our recent history. If modern history is taken to begin with the nineteenth century, then Indian Independence in 1947 offers a natural dividing line between the colonial period (roughly 150 years from around 1800 to 1947) and the post-Independence or post-colonial period (the seven decades from 1947 to the present day). The present form of caste as a social institution has been shaped very strongly by both the colonial period as well as the rapid changes that have come about in independent India. Choose the correct option - 1 What kind of institution is caste? (a) Cultural (b) Social (c) Economic (d) Political 2 What was the name given to the period from 1800 to 1947 - (a) Transition period (b) Big period (c) Beautiful period (d) Colonial period 3 When did modern history begin (a)18th century (b) 19th century (c) 20th century (d) 21st century	4 1 1 1 1

docs.aglasem.com

aglasem.com

	4 What is the meaning of Ancient - (a) old (b) new (c) beautiful (d) big	
28A	निम्न का अर्थ बताइए- 1. पूर्वाग्रह 2. रूढ़धारणाएं 3. भेदभाव 4.अनादर Give the meaning of the following- 1. Prejudices 2. Stereotypes 3. Discrimination 4 Humiliation	4 1 1 1 1
	OR	
28B	राजा राममोहन राय द्वारा किए गए समाज सुधार आंदोलन के विषय में आप क्या जानते हैं ? What do you know about the social reform movement carried out by Raja Rammohun Roy?	4
29	राज्य अकसर सांस्कृतिक विविधता के बारे में शंकालु क्यों होते हैं? Why are states often suspicious of cultural diversity?	4
30	आज नागरिक समाज संगठनों की क्या प्रासंगिकता है ? What is the relevance of civil society organisations today?	4
31	ब्रिटिश साम्राज्य की अर्थव्यवस्था में नगरों ने कैसी भूमिका निभाई ? What role did cities play in The economic system of the British Empire?	4
32	पीढ़ियों के बीच संघर्ष और मतभेद से आप क्या समझते है ? इस संघर्ष को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है ? What do you understand by conflicts between generations ? What can be done to reduce this conflict?	4
	खण्ड [घ] SECTION D	
33A	माल्थस का जनसंख्या वृद्धि का सिद्धांत क्या था ? विस्तार से बताए । What was Malthus's theory of population growth? Explain in detail.	6
	OR	
33B	जनसांख्यिकीय संक्रमण का सिद्धांत क्या था ? विस्तार से बताए । What was the theory of demographic transition? Explain in detail.	6
34	जाति और वर्ण में क्या अंतर हैं ? What is the difference between jati and varna?	6
35	निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिये - यद्यपि समाज निश्चित रूप से बदला है, लेकिन व्यापक स्तर पर बहुत ज्यादा परिवर्तन नहीं हुआ है। यह आज भी सच है कि समाज का साधन-संपन्न व ऊँचे ओहदे वाले वर्ग में अत्यधिक कथित 'उच्च' जाति के लोग हैं। जबकि वंचित (तथा निम्न आर्थिक स्थिति वाले) वर्ग में कथित 'निम्न' जातियों की प्रधानता है। इसके अतिरिक्त कथित 'ऊँची' व 'नीची' जातियों के गरीब और संपन्न तबकों के अनुपात में ज़मीन-आसमान का फर्क है। संक्षेप में कहें तो यह सच है कि एक सदी से चल रहे सामाजिक आंदोलनों ने कई महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किए ,उत्पादन व्यवस्था में भारी बदलाव आए, तथा साथ ही स्वतंत्र भारत की राजसत्ता ने सार्वजनिक क्षेत्र में जाति पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। लेकिन इन परस्पर प्रयत्नों के बावजूद 21वीं सदी में भी जाति भारतीयों के जीवन अवसरों को सतत प्रभावित कर रही है। प्र 1 वंचित वर्ग क्या होता है ? प्र 2 सामाजिक आन्दोलन क्या होते हैं ? सामाजिक आन्दोलनों ने कौन से महत्त्वपूर्ण परिवर्तन किए ?	6 2 4

docs.aglasem.com

aglasem.com

	Read the following paragraph and answer the questions - **Although things have certainly changed, they have not changed much at the macro level – it is still true that the privileged (and high economic status) sections of society tend to be overwhelmingly 'upper' caste while the disadvantaged (and low economic status) sections are dominated by the so called 'lower' castes.** **Moreover, the proportion of population that lives in poverty or affluence differs greatly across caste groups. In short, even though there have been major changes brought about by social movements over more than a century, and despite changed modes of production as well as concerted attempts by the state to suppress its public role in independent India, caste continues to affect the life chances of Indians in the twenty-first century.** **1 what is the Disadvantaged section ?** **2 What are Social movements? What major changes brought about by social movements ?**	

docs.aglasem.com

aglasem.com

Sample Papers

- CBSE Sample Papers
- ICSE / ISC Board Sample Papers
- AP Board Sample Papers
- Assam Board Sample Papers
- Bihar Board Sample Papers
- Chhattisgarh Board Sample Papers
- Goa Board Sample Papers
- Gujarat Board Sample Papers
- Haryana Board Sample Papers
- HP Board Sample Papers
- J&K State Board Sample Papers
- Jharkhand Board Sample Papers
- Karnataka Board Sample Papers
- Kerala Board Sample Papers

Sample Papers

- MP Board Sample Papers
- Maharashtra Board Sample Papers
- Manipur Board Sample Papers
- Mizoram Board Sample Papers
- Orissa Board Sample Papers
- Punjab Board Sample Papers
- Rajasthan Board Sample Papers
- Tamil Nadu Board Sample Papers
- Telangana State Board Sample Papers
- Tripura Board Sample Papers
- UP Board Sample Papers
- Uttarakhand Board Sample Papers
- West Bengal Board Sample Papers

